CMYK

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 127 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - रविवार, 26 अक्टूबर 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## भाजपा कार्यालय में हंगामा: केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव से ग्रामीणों ने की शिकायत बोले, साहब जिला अध्यक्ष ने हमारी जमीनों पर कब्जा कर रखा है

भीलवाड़ा फोकस @ अलवर ।

भाजपा कार्यालय शनिवार को उस समय हंगामे का केंद्र बन गया जब बड़ी संख्या में ग्रामीण केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव से मिलने पहुंचे और भाजपा उत्तर जिला अध्यक्ष महासिंह चौधरी पर जमीन कब्जाने और धमकाने के गंभीर आरोप लगाए। ग्रामीणों ने मंत्री को ज्ञापन सौंपा, लेकिन भूपेंद्र यादव बिना कोई जवाब दिए बैठक समाप्त कर चले गए।

शनिवार सुबह भाजपा कार्यालय में भूपेंद्र यादव की कार्यकर्ताओं के साथ बैठक चल रही थी। बैठक में राज्य मंत्री संजय शर्मा, अलवर दक्षिण के जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता सहित करीब 200 कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद थे। इसी दौरान बढ़ली गांव से 10 गाड़ियों में आए ग्रामीण मंत्री से मिलने पहुंचे और महासिंह चौधरी के खिलाफ जमकर विरोध जताया।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि महासिंह चौधरी गांव में कई लोगों की जमीनों पर अवैध कब्जा कर चुके हैं और





विरोध करने पर धमकाते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा का जिला अध्यक्ष होते हुए वे अपने पद का दुरुपयोग कर रहे हैं।

### ग्रामीण बोले कब्जे और धमकियों से तंग आ चुके हैं

सुनील चौधरी ने बताया कि उन्होंने 2024 में 2 बीघा 2 बिस्वा जमीन खरीदी थी, लेकिन महासिंह ने दबाव बनाकर उनकी जमीन का हिस्सा हड़प लिया। विरोध करने पर पुलिस से मिलीभगत कर उन्हें थाने में बंद करा दिया गया। सुनील ने चेतावनी दी कि अगर कार्रवाई नहीं हुई तो वे आत्महत्या करने को मजबूर होंगे।

वहीं, शिवलाल (50) ने बताया कि उन्होंने 2012 में महासिंह को एक लाख रुपये उधार दिए थे। बदले में प्लॉट देने या रकम लौटाने का वादा किया गया, पर अब तक न पैसा मिला न प्लॉट। विजयसिंह चौधरी ने भी बताया कि महासिंह उनके खेत पर कब्जे की कोशिश कर रहा है और पत्थर डलवाकर रास्ता बंद कर दिया है।

### जिला प्रमुख ने कहा आपसी बातचीत से सुलझाएं मामला

मंत्री के जाने के बाद ग्रामीणों ने जिला प्रमुख बलवीर छिल्लर से मुलाकात की और नक्शे के जरिए कब्जे का ब्यौरा दिया। इस पर जिला प्रमुख ने कहा कि झगड़े से किसी का भला नहीं होता, कोशिश करें कि मामला आपसी बातचीत से सुलझ जाए।

### पार्टी मौन, प्रशासन सतर्क

घटना के बाद भाजपा कार्यालय में माहौल तनावपूर्ण रहा। पार्टी पदाधिकारियों ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है, जबकि पुलिस प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो वे सामूहिक धरना देंगे।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी का किया खुलासा, चार आरोपी गिरफ्तार



भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।

थाना पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी के प्रकरण का पर्दाफाश करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरीशुदा ट्रैक्टर-ट्रॉली बरामद की है। यह कार्यवाई थानाधिकारी घनश्याम मीणा के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा की गई है ।

पुलिस ने बताया की बीते 7 सितंबर को रामचंद्र मीणा, निवासी देवीसिंहजी का खेड़ा, ने रिपोर्ट दी थी कि उसका ट्रैक्टर मय ट्रॉली, जो जोजवा चौराहा स्थित होटल के पीछे खड़ा था, जहां से रात को अज्ञात चोरो द्वारा चोरी कर लिया गया। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस टीम ने घटनास्थल और आसपास के इलाकों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों की गहनता से पड़ताल की। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने चार संदिग्धों को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया, जिनसे पूछताछ में चोरी की वारदात कबूल की गई।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान श्यामलाल दरोगा निवासी सरदारजी का खेड़ा, घमंडी मीणा और मनकेश मीणा निवासी घाटा नैनवाड़ी थाना मित्रपुरा जिला सवाईमाधोपुर, तथा रामभरौसी मीणा निवासी रतनपुरा थाना जावदा जिला दौसा के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरीशुदा ट्रैक्टर-ट्रॉली को बरामद कर जब्त किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

## अंता उपचुनाव: बीजेपी ने बनाई चुनाव समिति, दुष्यंत सिंह बने प्रभारी

### वसुंधरा राजे और सीएम भजनलाल शर्मा दोनों की प्रतिष्ठा से जुड़ी सीट, प्रचार की कमान 11 नेताओं के हाथ

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।

अंता विधानसभा उपचुनाव को लेकर बीजेपी ने अपनी चुनाव समिति की घोषणा कर दी है। पार्टी ने झालावाड़-बारां सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के पुत्र दुष्यंत सिंह को चुनाव प्रभारी बनाया है। अंता विधानसभा दुष्यंत सिंह के लोकसभा क्षेत्र में आने के कारण यह जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है। यह सीट वसुंधरा राजे और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा दोनों की प्रतिष्ठा से जुड़ी मानी जा रही है।

### मंत्री और विधायकों को मिली जिम्मेदारी

पार्टी ने मंत्री जोगाराम पटेल को चुनाव प्रभारी मंत्री नियुक्त किया है, जबकि विधायक श्रीचंद कृपलानी और जिला प्रभारी छगन माहुर को सह प्रभारी बनाया गया है।

बीजेपी की चुनाव समिति में 2 सांसद, 9 विधायक और 2 मंत्री शामिल किए गए हैं। प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत, मंत्री मंजू बाघमार, विधायक राधेश्याम बैरवा, सुरेश धाकड़, विश्वनाथ मेघवाल, अनिता भदेल, प्रताप सिंघवी, चन्द्रभान सिंह आक्या, ललित मीणा और पूर्व विधायक बनवारीलाल सिंघल को सौंपी गई है।

### 40 स्टार प्रचारकों की सूची पहले ही जारी

बीजेपी इससे पहले 17 अक्टूबर को अपने 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर चुकी है। इसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा सहित पूरी कैबिनेट, केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ नेता शामिल हैं।



### भाजपा के लिए अहम बन गया अंता

अंता उपचुनाव न केवल झालावाड़-बारां संसदीय क्षेत्र के लिए, बल्कि राज्य की राजनीतिक साख के लिहाज से भी बेहद अहम माना जा रहा है। पार्टी ने इस उपचुनाव को पूरी ताकत से लड़ने का संकेत देते हुए अपने वरिष्ठ नेताओं को जिम्मेदारी सौंप दी है।

## भीलवाड़ा में आग की तीन घटनाएं: पिकअप, शॉप और कचरे के ढेर में आग, दमकल ने किया नियंत्रित






भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

शहर में शनिवार को आगजनी की तीन घटनाओं से हड़कंप मच गया। कोतवाली क्षेत्र, पुराना बस स्टैंड और जवाहरनगर में अलग-अलग जगह आग लगी, लेकिन दमकल की समय पर कार्रवाई से बड़ा नुकसान नहीं हुआ।

पहली घटना कोतवाली के पास सिटी सेंटर मॉल परिसर में हुई। आईस्क्रीम शॉप में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी। शॉप बंद होने के कारण कोई जनहानि नहीं हुई। मॉल स्टॉफ ने शीशे तोड़कर फर्नीचर और इलेक्ट्रॉनिक सामान को बाहर निकाल कर बचा लिया। दमकल विभाग की मदद से आग पर काबू पाया गया।

दूसरी घटना पुराना बस स्टैंड स्थित मोटर बॉडी कारखाने में हुई। यहां एक बोलेरो पिकअप में शॉर्ट सर्किट के कारण आग फैल गई। पिकअप पूरी तरह जल गई। दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और अथक प्रयास के बाद आग पर काबू पाया गया। तीसरी घटना जवाहरनगर के पांसल रोड पर हुई। आटा-मसाला चक्की संचालक भरत तेली के नवनिर्मित मकान के पीछे कचरे के ढेर में अचानक आग लग गई। आग ने पास रखे सिवरेज पाइप को भी अपनी चपेट में ले लिया। सूचना मिलते ही दमकल वाहन मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया।

दमकल अधिकारियों ने बताया कि तीनों घटनाओं में समय पर कार्रवाई होने से बड़ा हादसा टल गया। सभी मामले की जांच की जा रही है।

## अशोक गहलोत का तंज संगठन सृजन में सिफारिशें बंद हों, निष्पक्ष फीडबैक ही असली ताकत

### पूर्व सीएम बोले हाईकमान की मंशा साफ़, जिलाध्यक्ष कोई भी बने, सबको साथ लेकर चले

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।

राजस्थान में कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के बीच पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पार्टी नेताओं को सख्त संदेश देते हुए कहा है कि जिलाध्यक्षों की नियुक्ति में सिफारिशों का दौर बंद होना चाहिए । गहलोत ने चुटकी लेते हुए कहा हाईकमान चाहता है कि असली फीडबैक हमारे पास आए, वह तभी आएगा जब कोई नेता पंचायती नहीं करे, न ही पर्यवेक्षकों से सिफारिश करे या अपनी भावना उन पर थोपे।

### प्रस्ताव पास कर अधिकार देना गलत परंपरा

गहलोत ने साफ कहा कि पार्टी में यह परंपरा खत्म होनी चाहिए कि किसी प्रस्ताव में नेताओं को अधिकार सौंपे जाएं कि वही तय करें कौन जिलाध्यक्ष बने।

उन्होंने कहा अगर किसी को बात कहनी है, तो सीधे राहुल गांधी या केसी वेणुगोपाल को बताएं। पर्यवेक्षकों से बात करना उचित नहीं। मैं चाहता हूं कि पूरी प्रक्रिया पूरी ईमानदारी से हो।

### कोई भी बने जिलाध्यक्ष, सब मिलकर आगे बढ़ें

गहलोत ने अपने बयान में संगठनात्मक एकता पर जोर देते हुए कहा किसी भी ग्रुप का जिलाध्यक्ष बने, सबको उसका स्वागत करना चाहिए। अगर कोई मेरे खिलाफ भी है, तो भी मैं उसे वेलकम करूंगा । हाईकमान का फैसला ही पार्टी की ताकत है। लिस्ट आने के बाद सभी ग्रुप मिलकर सहयोग करें।

### सीनियर नेताओं को नए चेहरों से परेशानी होती है

अपने पुराने अनुभव साझा करते हुए गहलोत बोले मैं खुद जोधपुर में जिलाध्यक्ष बना था, तब शिवचरण माथुर और हीरालाल देवपुरा जैसे सीनियर नेता पर्यवेक्षक बनकर आए। 1977 में जब मैं बना तो बहुतों को यह डाइजेस्ट नहीं हुआ कि ये तो कल का बच्चा है। लेकिन यही राजनीति की खूबसूरती है नए को भी मौका मिलना चाहिए।

### उदयपुर डिक्लेरेशन की भावना से ही बदलेगा संगठन

पूर्व सीएम ने कहा कि उदयपुर डिक्लेरेशन में तय किया गया था कि संगठन में 50 साल से कम उम्र के कार्यकर्ताओं को ज्यादा मौका दिया जाए। उन्होंने बताया कि राजस्थान के 50 जिलों में पर्यवेक्षकों को एक-एक हफ्ते के लिए भेजा गया, जिनमें डॉ. सी.पी. जोशी जैसे वरिष्ठ नेताओं ने भी जिम्मेदारी निभाई।

गहलोत ने कहा यह सिर्फ़ औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि हाईकमान की मंशा के अनुरूप संगठन को नए सिरे से खड़ा करने की प्रक्रिया है। यह



मौका बार-बार नहीं आता, इसलिए इसे ईमानदारी से निभाया जाए।

### नवंबर में जारी होगी जिलाध्यक्षों की सूची

सूत्रों के अनुसार, प्रदेश कांग्रेस के 48 जिलों के लिए तैयार पैनल अब हाईकमान को भेजा गया है। नवंबर में नए जिलाध्यक्षों की घोषणा होने की संभावना है। पार्टी चाहती है कि यह चयन पूरी तरह पारदर्शी, निष्पक्ष और गुटबाज़ी मुक्त हो।

# बिना नंबर प्लेट और काले शीशों वाले वाहनों पर काछोला पुलिस की सख्त कार्रवाई



भीलवाड़ा फोकस @ काछोला

**विक्रम सिंह ।** थाना प्रभारी बालकिशन शर्मा के निर्देशन में थाना क्षेत्र में बिना नंबर प्लेट और काले शीशों वाले वाहनों के खिलाफ विशेष मुहिम चलाई गई थाना पुलिस ने कस्बे के मुख्य मार्गों और बाजार क्षेत्र में अभियान चलाकर काले शीशों की गाड़ियों के शीशे मौके पर ही साफ करवाए वहीं बिना नंबरी वाहनों के खिलाफ चालान भी बनाए गए

थाना प्रभारी बालकिशन शर्मा ने बताया कि क्षेत्र में सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह कार्रवाई जारी रहेगी उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि नियमों का पालन करें, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी

# अज्ञात युवक की ट्रेन से कटने से मौत

भीलवाड़ा फोकस @ माण्डल ।

भीलवाड़ा-अजमेर रेल मार्ग पर लक्ष्मीपुरा के पास एक अज्ञात युवक ट्रेन की चपेट में आकर जान गंवा बैठा। घटना की जानकारी मालगाड़ी के लोको पायलेट ने दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहचान के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

पुलिस ने बताया कि मृतक लगभग 35 वर्षीय पुरुष है। शव ट्रैक के पास पड़ा मिला और उसका एक पैर कटा हुआ था। मौके पर जुटे ग्रामीणों और स्थानीय लोगों से पहचान कराने का प्रयास किया गया, लेकिन कोई उसे पहचानने में सफल नहीं हुआ। मृतक के पास कोई दस्तावेज या व्यक्तिगत सामान नहीं मिला जिससे उसकी पहचान हो सके। मृतक पैंट और शर्ट पहने हुए था। पुलिस ने शव को मोर्चरी में सुरक्षित रखवाया है और आसपास के क्षेत्रों में युवक की पहचान के प्रयास शुरू किए है।

# आसींद में दुकानदार पर हमलाः व्यापारी लहूलुहान, 20 हजार नकद और सामान लूटा



भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।

बस स्टैंड क्षेत्र की एक दुकान पर शुक्रवार शाम को धारदार हथियार, लोहे की पाइप और सरिया लेकर आए 3-4 हमलावरों ने दुकान में तोड़फोड़ की और दुकानदार पर जानलेवा हमला कर दिया । गंभीर रूप से घायल व्यापारी को प्राथमिक उपचार के बाद भीलवाड़ा रेफर किया गया। पीड़ित मोहम्मद इमरान शेख ने बताया कि उनका भतीजा मोहम्मद नदीम शेख अपनी दुकान पर मौजूद था। इसी दौरान असलम शाह, फिरोज शाह, शरीफ मोहम्मद सहित 3-4 अज्ञात व्यक्ति दुकान में घुस गए और तोड़फोड़ शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपी असलम ने नदीम के सिर पर सरिये से हमला किया, जिससे उसका सिर फट गया। फिरोज ने लोहे की पाइप से हाथ पर वार किया, जिससे हाथ टूट गया। हमलावरों ने दुकान में रखा लैपटॉप, मोबाइल सामान, माइक और लाइट के उपकरण तोड़ दिए। साथ ही गल्ले में रखी 20 हजार रुपये की नकद राशि लूट ली। जाते-जाते आरोपियों ने नदीम को पुलिस में रिपोर्ट करने पर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। आसपास लोग इकट्ठा होने पर आरोपी मौके से फरार हो गए।

पुलिस ने घटना के बाद मामला दर्ज कर जाँच शुरू की है और आरोपियों की तलाश जारी है।

# बेकाबू कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर, युवक गंभीर घायल

भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा।

कस्बे के शाहपुरा रोड पर शुक्रवार रात बनेड़ा पुलिस थाने के पास एक बेकाबू कार ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर घायल को अस्पताल पहुंचाया।


प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कस्बे की ओर से तेज रफ्तार में आ रही कार ने सामने से आ रही बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में बनेड़ा निवासी मुकेश सोनी गंभीर रूप से घायल हुआ है ।हादसे की आवाज सुनते ही थाने से पुलिस जवान मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से घायल को बनेड़ा अस्पताल पहुंचाया। जहाँ से हालत गंभीर होने पर सोनी को भीलवाड़ा जिला अस्पताल रेफर किया गया।

# पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत से कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने की मुलाकात

## संगठन सृजन के बाद बिजोलिया दौरे का दिया आश्वासन

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से शनिवार को क्षेत्रीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने यूथ कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष तूफ़ान यादव के नेतृत्व में मुलाकात की। कार्यकर्ताओं ने गहलोत को दीवाली की शुभकामनाएं दीं और साथ ही संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर विस्तार से चर्चा की।



मुलाकात के दौरान कार्यकर्ताओं ने ब्लॉक एवं जिला स्तर पर पदाधिकारियों की नियुक्ति, जिलाध्यक्ष चयन और ब्लॉक अध्यक्ष चुनाव जैसे विषयों पर अपने सुझाव रखे। गहलोत ने सभी से संगठन को मज़बूत करने और जनता से जुड़ाव बनाए रखने का आह्वान किया।

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत को बिजोलिया आने का निमंत्रण भी दिया। इस पर गहलोत ने कहा कि संगठन सृजन अभियान पूर्ण होते ही मैं शीघ्र ही क्षेत्र का दौरा करूंगा।

मुलाकात में पूर्व जिला महासचिव युवा कांग्रेस संदीप सिंह, शाहरुख मनसुरी, फूलसिंह यादव सहित कई स्थानीय कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सरकार की योजनाओं की जानकारी लक्षित वर्ग तक पहुंचा कर पत्रकार कर रहे हैं समाज सेवा : उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।

लोकतंत्र में पत्रकारिता महत्वपूर्ण स्तम्भ है। सरकार की योजनाओं की जानकारी लक्षित वर्ग तक पहुंचाने और योजना क्रियान्वयन में किसी भी खामी, सुधार के सुझाव का फीडबैक सरकार तक पहुंचा कर पत्रकार समाज की सेवा करते हैं। राज्य सरकार पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिए हरसम्भव कदम उठा रही है। उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने शुक्रवार को जयपुर में पिंकसिटी प्रेस क्लब के 34वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित पत्रकारों एवं गणमान्य नागरिकों को यह बात कही। कार्यक्रम में उन्होंने पत्रकारिता जगत में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पत्रकार बंधुओं को पिंकसिटी प्रेस क्लब की ओर से सम्मानित किया। उन्होंने क्लब के गौरवशाली इतिहास को प्रदर्शित करती फ़ोटो प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर सिविल लाइंस विधायक और वरिष्ठ पत्रकार गोपाल शर्मा, पिंकसिटी प्रेस क्लब के अध्यक्ष मुकेश मीणा, महासचिव मुकेश चौधरी,महात्मा गांधी मेडिकल विश्वविद्यालय के संस्थापक एम.एल. स्वर्णकार सहित क्लब के पदाधिकारी व गणमान्य जन उपस्थित रहे।



# नगर निगम ग्रेटर की टीमों ने 1400 टन कचरा उठाकर शहर को किया साफ

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।

पंच दिवसीय दीपावली के त्यौहार के बाद शुक्रवार को नगर निगम ग्रेटर आयुक्त डॉ गौरव सैनी के निर्देश पर शहर की सफाई व्यवस्था को सुचारू एवं सुदृढ़ करने के लिए सभी जोनों में उद्यान शाखा गैराज शाखा, स्वास्थ्य शाखा, होर्डिंग शाखा की टीम फील्ड पर उतरी और मुस्तैदी के साथ कार्य किया। आयुक्त के निर्देश पर अतिरिक्त आयुक्त सहित सभी जोन उपायुक्त भी फील्ड पर निकले और स्वयं खड़े होकर सफाई कार्य करवाया। आयुक्त डॉ गौरव सैनी ने भी शुक्रवार को शहर की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया



# नौगांवा सांवरिया सेठ के दरबार में गोपाष्टमी पर 30 को लगेगा छप्पन भोग, शिव पंचायत का भूमि पूजन 3 नवंबर को

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

जिले के नौगांवा स्थित श्री सांवरिया सेठ मंदिर परिसर से जुड़ी माधव गौशाला में आगामी दिनों में दो बड़े और भव्य धार्मिक आयोजन होने जा रहे हैं। इन आयोजनों में क्षेत्र के सभी धर्म प्रेमी बंधुओं, माताओं और बहनों को सपरिवार सादर आमंत्रित किया गया है। श्री सांवरिया सेठ मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष गोविंद प्रसाद सोडानी ने बताया कि गौ माता के प्रति श्रद्धा और भक्ति का प्रतीक पर्व गोपाष्टमी इस वर्ष 30 अक्टूबर को धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर गौ माता की सेवा का अनूठा दृश्य देखने को मिलेगा। गौ माता के बीच छप्पन भोग का भव्य आयोजन किया जाएगा। गौशाला में मौजूद सभी गौ माताओं को 56 प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन, हरी सब्जियां और विभिन्न पौष्टिक सामग्री का महाप्रसाद समर्पित किया जाएगा। समिति ने सभी गौ भक्तों से गोपाष्टमी के इस पुनीत अवसर पर गौ माता का आशीर्वाद लेने और पुण्य के भागी



बनने का आह्वान किया है। गोपाष्टमी के कुछ दिन पश्चात, सांवरिया सेठ मंदिर परिसर में एक और महत्वपूर्ण धार्मिक अनुष्ठान होने जा रहा है। मंदिर परिसर में शिव पंचायत की स्थापना के लिए 3 नवंबर को शुभ मुहूर्त में भूमि पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। शिव पंचायत की स्थापना भारतीय सनातन परंपरा का महत्वपूर्ण अंग है। इस स्थापना में भगवान शिव के साथ श्री गणेश, माता पार्वती, कार्तिकेय और नंदी की मूर्तियां स्थापित की जाती हैं। यह आयोजन मंदिर परिसर के धार्मिक महत्व को और बढ़ाएगा। आयोजक मंडल ने दोनों ही पवित्र और महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में सपरिवार पधारकर धर्म लाभ अर्जित करने का निवेदन किया है।



## QUICK BITES

### उदलियास में खोदी सड़क बनी खतरे का रास्ता, ग्रामीणों ने कार्रवाई की मांग की

**भीलवाड़ा फोकस @ उदलियास।**



बाबा रामदेव मंदिर, माताजी मंदिर और चोराहे के बीच खोदी गई सड़क पर ग्रामीणों का आवागमन खतरे में है। पेयजल लाइन डालने के लिए सड़क खुदाई की गई थी, लेकिन ठेकेदार ने मरम्मत किए बिना ही काम छोड़ दिया। अब बुजुर्ग और बाइक सवार गड्ढों में फंसने से परेशान हैं।
ग्रामीणों ने बताया कि रावला मोहल्ले में जेसीबी से सड़क खोदी गई और पाइपलाइन डाली गई। कुछ दिनों बाद घरों में नल कनेक्शन भी किए गए, लेकिन सड़क को दुरुस्त नहीं किया गया। उन्होंने विभागीय अधिकारियों और ठेकेदार को कई बार समस्या की जानकारी दी, लेकिन ठेकेदार अपनी राजनीतिक पंहुच के कारण सड़क को दुरुस्त किए बिना ही चला गया।
सरपंच लक्ष्मण गाडरी ने बताया कि जलदाय विभाग से संपर्क किया गया है और उन्हें आश्वासन मिला कि दो-तीन दिन में सड़क की मरम्मत की जाएगी। वहीं, ग्रामीणों ने जिला उपायुक्त से ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई और मार्ग को जल्द दुरुस्त करने की मांग की है।

### ग्रामीण सेवा शिविर में खाता विभाजन की पुरानी समस्याओं का हुआ मौके पर समाधान

**भीलवाड़ा फोकस @ फूलियाकलां।**




ग्राम पंचायत में शनिवार को आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया। शिविर में उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश, तहसीलदार रामदेव धाकड़, कनिष्ठ अभियंता पंचायत समिति शाहपुरा रायचंद रेगर और ग्राम पंचायत प्रशासक रतनी देवी जाट के दिशा-निर्देशन में 14 विभागों ने आमजन को राहत प्रदान की। शिविर के दौरान ग्राम फूलियाकलां के कई किसानों ने अपनी सह-खातेदारी वाली जमीनों का खाता विभाजन कराने के लिए प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए। उपखंड अधिकारी ने तत्काल तहसीलदार को निर्देशित किया, जिसके बाद राजस्व टीम ने मौके पर प्रार्थियों से आपसी समझाइश के साथ विभाजन प्रस्ताव तैयार किया और तहसीलदार के समक्ष प्रस्तुत किया।
तहसीलदार ने मौके पर ही सहमति से खाता विभाजन के आदेश जारी किए, जिससे वर्षों पुरानी समस्याओं का समाधान हो गया।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर?
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# मूंगफली खरीद कोटा बढ़ाने की मांग, बनवारी धाकड़ ने केंद्रीय कृषि मंत्री को भेजा ज्ञापन

## किसानों की परेशानी देखते हुए MSP कोटा 25' से बढ़ाकर 50' करने की अपील

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़**



किसानों की समस्याओं को लेकर युवा नेता बनवारी धाकड़ ने शनिवार को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखकर मूंगफली की सरकारी खरीद का कोटा 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने की मांग की है।
धाकड़ ने बताया कि वर्तमान में भारत सरकार द्वारा मूंगफली खरीद का कोटा केवल 25 प्रतिशत निर्धारित किया गया है। जैसे ही पोर्टल खुला, यह कोटा एक मिनट में ही पूरा भर गया, जिससे अधिकांश किसान अपनी मूंगफली का पंजीकरण तक नहीं कर पाए। इस कारण किसानों में निराशा का माहौल है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के कई किसानों की उपज गोदामों में पड़ी हुई है, लेकिन सीमित कोटे के चलते वे लाभ से वंचित हैं। ऐसे में सरकार को किसानों के हित में तत्काल कोटा बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने का निर्णय लेना चाहिए ताकि अधिक से अधिक किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) का लाभ ले सकें।

# मांडलगढ़ में आज बूथ अध्यक्ष सम्मान एवं दीपावली स्नेह मिलन समारोह

## विधायक गोपाल खंडेलवाल ने कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण, तैयारियों का लिया जायजा

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।**



मांडलगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 26 अक्टूबर को आयोजित होने जा रहे आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान, बूथ अध्यक्ष सम्मान एवं दीपावली स्नेह मिलन समारोह÷ की तैयारियां जोरों पर हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए स्थानीय प्रशासन और भाजपा पदाधिकारी लगातार जुटे हुए हैं। शनिवार को विधायक गोपाल खंडेलवाल ने कार्यक्रम स्थल मांडलगढ़ बस स्टैंड और जालेश्वर महादेव परिसर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।
विधानसभा संयोजक अनिल पारीक ने बताया कि इस भव्य समारोह में केंद्रीय मंत्री, प्रदेश के वरिष्ठ नेता, जिला अध्यक्ष और सांसद सहित कई गणमान्य अतिथि शिरकत करेंगे। समारोह के दौरान विधानसभा क्षेत्र के सभी शक्ति केंद्र संयोजक, प्रभारी और बूथ अध्यक्षों का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया जा चुका है और सभा स्थल पर मंच, बैठने की व्यवस्था तथा स्वागत की तैयारियां पूरी की जा रही हैं।
निरीक्षण के दौरान नगरपालिका अध्यक्ष संजय डांगी, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अशोक जीनगर, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष विनोद ओस्तवाल, व्यापार मंडल अध्यक्ष नीरज जोशी, पार्षद अनिता सुराणा, जगदीश सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ग्रामीण सेवा शिविर में जनकल्याण की झलक , विधायक मीणा ने की बरोदा में विकास कार्यों की घोषणाएं

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़**




कस्बे एवं ग्राम पंचायत बरोदा में शनिवार को आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में क्षेत्र के विधायक गोपीचंद मीणा तथा प्रधान प्रतिनिधि किशोर शर्मा ने पहुँचकर शिविर का अवलोकन किया विधायक मीणा ने संबोधित करते हुए कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास एवं सबका प्रयास के संकल्प के अनुरूप इन शिविरों के माध्यम से नागरिक सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है।
विधायक मीणा ने बरोदा में नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र भवन बनाने , पशु उप चिकित्सा केंद्र खोलने पुस्तकालय बनाने विद्यालय की चारदीवारी सहित कई विकास कार्यों की घोषणाएं कीं। मीणा ने कहा कि आने वाले समय में शक्करगढ़ और बरोदा क्षेत्र को आदर्श पंचायत के रूप में विकसित किया जाएगा। शिविर के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा विभिन्न विभागों की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। ग्रामीणों की जनहित से जुड़ी शिकायतों को मौके पर ही सुना गया तथा कई मामलों का तुरंत निस्तारण किया गया । शिविर में उपखंड अधिकारी राजकेश मीना, बीडीओ सीताराम मीना, तहसीलदार रवि कुमार मीना, थाना प्रभारी पूरणमल मीना, चिकित्सा प्रभारी युवराज चौधरी , सांसद प्रतिनिधि सोहन लाल नामा ,मयंक झवर, सीएचओ अनीता गुर्जर, पूर्व सरपंच लालूराम गुर्जर, कनिष्ठ लिपिक महावीर टेलर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे

# नहाय-खाय से आरंभ हुआ चार दिवसीय छठ महापर्व, मानसरोवर झील और पांसल चौराहे पर श्रद्धालुओं का उमड़ा सैलाब

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**




लोक आस्था और सूर्योपासना का चार दिवसीय छठ महापर्व शनिवार को नहाय-खाय के साथ आरंभ हो गया। स्वच्छता, संयम और श्रद्धा का यह पर्व 28 अक्टूबर तक पूर्वांचल जनचेतना सेवा समिति के तत्वावधान में भक्ति और उल्लास के वातावरण में मनाया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि पर्व के पहले दिन नहाय-खाय, दूसरे दिन खरना, तीसरे दिन डूबते सूर्य को अर्घ्य और अंतिम दिन उगते सूर्य को अर्घ्य देकर यह महापर्व संपन्न होगा।
समिति के मीडिया प्रभारी विक्रम झा ने बताया कि इस वर्ष भी छठ पर्व का आयोजन मानसरोवर झील और पांसल चौराहे स्थित वाटर वर्क्स परिसर में भव्य रूप से किया जा रहा है। दोनों स्थलों पर लगभग 15 हज़ार से अधिक श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। पूजा स्थल पर सुरक्षा, स्वच्छता, प्रकाश और श्रद्धालुओं की सुविधा के विशेष इंतजाम किए गए हैं।
जानकारी के अनुसार, मानसरोवर झील परिसर में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन होगा, जिसमें वृंदावन और मथुरा से आए कलाकारों सहित देशभर के कलाकार अपनी प्रस्तुतियाँ देंगे। समिति के संरक्षक महंत मोहन शरण शास्त्री महाराज ने बताया कि छठ महापर्व अब भीलवाड़ा की सांस्कृतिक पहचान बन चुका है और इसका उद्देश्य व्रतधारी महिलाओं व श्रद्धालुओं को किसी भी असुविधा से मुक्त रखना है। समिति अध्यक्ष अरुण राय ने शहरवासियों से अपील की कि सभी श्रद्धालु अनुशासन, स्वच्छता और एकता के साथ इस पावन पर्व में शामिल होकर आस्था की परंपरा को आगे बढ़ाएँ। इस अवसर पर समिति के संरक्षक विजयानंद झा, अशोक सिंह, सचिव ओमप्रकाश सिंह, कोषाध्यक्ष कृष्णा महतो, दिनेश सरनी, रोशन सिंह और सुरेश चंद्रवंशी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# शाहपुरा में आत्मनिर्भर भारत सम्मेलन संपन्न लोकल प्रोडक्ट को ग्लोबल पहचान दिलाने का संकल्प स्थानीय उत्पादों की खरीद बढ़ाने पर दिया जोर





भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

**मूलचन्द पेसवानी**

शाहपुरा में रामकोठी परिसर में आज आत्मनिर्भर भारत सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें शाहपुरा विधानसभा के पांचों मंडलों के कार्यकर्ताओं व प्रबुद्ध नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय स्वावलंबन को मजबूत बनाना व जन-जन को आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित करना रहा। वक्ताओं ने उपस्थित जनसमूह से ÷वोकल फॉर लोकल÷ अभियान को जन-जन तक पहुंचाने, स्थानीय उत्पादों की खरीद बढ़ाने और स्वदेशी उद्योगों को बढ़ावा देने का संकल्प दिलाया।

सम्मेलन को भाजपा संपर्क प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सोमकांत शर्मा व शाहपुरा विधायक डा लालाराम बैरवा ने संबोधित किया। इस मौके पर भाजपा जिला महामंत्री अविनाश जीनगर, जिला मंत्री राजेंद्र बोहरा, युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष विशाल पार्थ, शाहपुरा विस क्षेत्र के पांचों भाजपा मंडल अध्यक्ष, शाहपुरा व बनेड़ा के प्रधान प्रतिनिधि मौजूद रहे।

सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा संपर्क प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सोमकांत शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि आत्मनिर्भर भारत का संकल्प तभी साकार होगा, जब गांव-गांव तक छोटे, कुटीर व स्थानीय उद्योगों को प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने कहा कि लोकल प्रोडक्ट को ग्लोबल पहचान दिलाना ही प्रधानमंत्री का संकल्प है और इस दिशा में हर कार्यकर्ता को महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है।

शाहपुरा विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान केवल आर्थिक अभियान नहीं, बल्कि यह राष्ट्र निर्माण और स्वाभिमान का अभियान है। उन्होंने कहा कि शाहपुरा क्षेत्र में प्रतिभा और परंपरागत कौशल की कोई कमी नहीं, आवश्यकता है तो केवल प्रोत्साहन और बाजार उपलब्ध कराने की। उन्होंने युवाओं को स्टार्टअप व स्वरोजगार योजनाओं का लाभ उठाने की भी अपील की।

कार्यक्रम के संयोजक पंकज सुगंधी ने सभी अतिथियों व कार्यकर्ताओं का स्वागत किया तथा सहभागिता के लिए आभार जताया।

अंत में राष्ट्र के समग्र विकास, आत्मनिर्भर भारत के निर्माण तथा शाहपुरा क्षेत्र के आर्थिक उत्थान की मंगल कामनाओं के साथ सम्मेलन का समापन हुआ।

# पुलिस थाने में करंट से बचाव की कार्यशाला आयोजित

## एक्सपर्ट विनोद शर्मा ने दिए बिजली हादसों से बचाव और उपचार के प्रैक्टिकल टिप्स

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।

नगर के पुलिस थाना परिसर में शनिवार को करंट से बचाव एवं सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में चौमू से आए बिजली सुरक्षा एक्सपर्ट विनोद शर्मा ने सीएलजी सदस्यों और पुलिसकर्मियों को बिजली हादसों से बचाव और प्राथमिक उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### बिजली के खंभों को न छुएं, मवेशियों को न बांधें

विनोद शर्मा ने बताया कि किसी भी परिस्थिति में बिजली के खंभों को नहीं छूना चाहिए और मवेशियों को खंभों से बांधने से बचना चाहिए।

उन्होंने कहा कि बिजली लाइनों के नीचे कोई कार्यक्रम नहीं करना चाहिए और नए भवनों की दूरी बिजली तारों से पर्याप्त रखनी चाहिए। खेत की मेड़ पर लगे खंभों से दूरी बनाकर जुताई करने की सलाह दी गई।



### स्पार्किंग या तार ढीले दिखें तो तुरंत सूचना दें

एक्सपर्ट शर्मा ने कहा कि यदि किसी खंभे पर स्पार्किंग या आग की चमक दिखे, तो तुरंत अपने फीडर इंचार्ज या जेईएन को सूचना देकर मरम्मत करवाएं। बारिश के दौरान यदि पानी भरे क्षेत्र में स्पार्किंग हो रही हो, तो उस मार्ग से न गुजरें। बिजली तारों के पास स्थित पेड़ों पर न चढ़ें और ट्रांसफार्मर या तारों पर बांस या अन्य वस्तुओं से कुंडी डालने से बचें, इससे बड़ा हादसा हो सकता है।

### घर और खेतों में सुरक्षा बरतें

शर्मा ने बताया कि घर में अच्छी क्वालिटी की वायरिंग, स्विच, एमसीबी और अर्थिंग का उपयोग करें। खेत की बाउंड्री को बिजली पोल से न जोड़ें, क्योंकि बारिश में जमीन में करंट फैलने की संभावना रहती है। उन्होंने कहा कि खुले आसमान में बिजली चमकने या गड़गड़ाने पर बाहर न जाएं और किसी भी तार या उपकरण को न छुएं।

### करंट लगने पर करें ये उपाय

विनोद शर्मा ने बताया कि अगर किसी व्यक्ति को करंट लग जाए तो सबसे पहले फीडर की बिजली सप्लाई तुरंत बंद करें और अपने आप को सुरक्षित स्थान पर रखें। अगर व्यक्ति बिजली से चिपका हुआ है तो सूखी लकड़ी के डंडे से धीरे-धीरे अलग करें। घायल व्यक्ति को तुरंत अस्पताल ले जाएं और सीपीआर तकनीक का प्रयोग कर उसके प्राण बचाने का प्रयास करें।

### पुलिस व सीएलजी सदस्यों ने सीखी सुरक्षा तकनीक

कार्यशाला में सीआई घनश्याम मीणा, व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष केपी सिंह, सीएलजी सदस्य और पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। सभी ने करंट से बचाव की आसान विधियां प्रैक्टिकल रूप से सीखीं और बिजली सुरक्षा को लेकर जागरूकता

# ज्ञानपंचमी पर सरस्वती अनुष्ठान आज, कुमुदलताजी म.सा. ने बताया ज्ञान ही मोक्ष का मार्ग





भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

ज्ञानावर्णीय कर्म का बंधन आसान, पर उसका भोगना कठिन है। ज्ञान की आराधना से ही इसका क्षय संभव है। यह विचार महासाध्वी डॉ. कुमुदलताजी म.सा. ने शनिवार को सुभाषनगर स्थित दिवाकर कमला दरबार में आयोजित प्रवचन में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि मां सरस्वती की उपासना केवल बसंत पंचमी पर ही नहीं, बल्कि ज्ञानपंचमी पर भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। कमल की तरह निर्मल और निर्लिप्त रहना ही जीवन का सच्चा संदेश है।

कार्यक्रम में महाप्रज्ञाजी म.सा. ने भक्ति गीत प्रस्तुत किए, वहीं पद्मकीर्तिजी म.सा. और राजकीर्तिजी म.सा. का भी सानिध्य रहा।

रविवार सुबह 8:30 बजे मां सरस्वती अनुष्ठान होगा, जिसके पूर्व 7:45 बजे सुभाषनगर से आरसी व्यास कॉलोनी तक 32 आगमों का वरघोड़ा निकलेगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता एएसपी पारस जैन करेंगे, जबकि मुख्य अतिथि शांतिलाल सिसोदिया और महापौर राकेश पाठक होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में देशभर से अनेक जैन संत और श्रद्धालु शामिल होंगे।

आयोजन समिति की ओर से अध्यक्ष दौलतमल भड़कत्या और सचिव राजेंद्र सुराना ने स्वागत किया।

## QUICK BITES

# अवैध कब्जे और उत्पीड़न के आरोपों को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।



फुलिया कला थाना क्षेत्र के खामोर गांव निवासी रामपाल बलाई ने अपनी कृषि भूमि पर अवैध कब्जे और उत्पीड़न के आरोपों को लेकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

रामपाल बलाई ने ज्ञापन में बताया कि पिछले कुछ वर्षों से कुछ लोग उनकी खेत की जमीन पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। विरोध करने पर परिवार को लगातार धमकियां, गाली-गलौच और जातिगत टिप्पणी का सामना करना पड़ रहा है।

उनका कहना है कि खेत तक जाने वाले रास्ते को भी अवरुद्ध कर दिया गया है, जिससे खेती-बाड़ी का कार्य प्रभावित हो रहा है। इसके अलावा, गांव का गंदा पानी खेत के रास्ते में छोड़ने से आवागमन में भी कठिनाई हो रही है।

रामपाल बलाई ने प्रशासन से मांग की है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए और खेत तक जाने का रास्ता पुनः खुलवाया जाए।

# काशीपुरी श्री श्याम मंदिर में अन्नकूट महोत्सव का आयोजन आज

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



श्री श्याम सेवा समिति, काशीपुरी धाम के तत्वावधान में अन्नकूट महोत्सव का आयोजन रविवार को काशीपुरी धाम स्थित श्री श्याम मंदिर प्रांगण में संपन्न होगा। समिति अध्यक्ष सुरेश पौधार ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर हैं। इस अवसर पर मंदिर को पुष्पों से भव्य रूप से सजाया जाएगा। भक्तों के लिए अन्नकूट प्रसाद वितरण शाम 5.30 बजे से प्रारंभ होगा, जिसके बाद महाआरती शाम 6.30 बजे आयोजित की जाएगी। श्री श्याम सेवा समिति के सभी कार्यकर्ता भक्तिभाव से कार्यक्रम की तैयारी में जुटे हुए हैं। आयोजन स्थल पर भक्तों के लिए विशेष व्यवस्था की जाएगी ताकि सभी श्रद्धालु सुगमता से दर्शन और प्रसाद का लाभ ले सकें। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्याम प्रेमियों की उपस्थिति रहने की संभावना है।

# भाजपा कार्यकर्ताओं का दीपावली स्नेह मिलन आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



भाजपा गणेश मंडल वार्ड 68 के कार्यकर्ताओं द्वारा दीपावली स्नेह मिलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विट्ठल शंकर अवस्थी और अध्यक्ष मुकेश सोनी रहे। कार्यकर्ताओं ने अतिथियों का साफा, माला और दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। विनोद अग्याल ने बताया कि वार्ड में हर त्यौहार कार्यकर्ताओं के साथ उत्साहपूर्वक मनाया जाता है। कार्यक्रम में राधेश्याम गाडरी, रतनलाल आचार्य, नीलू गर्ग, पवन राठी, वीरेंद्र शर्मा, गिरिराज मेघवाल, राजेश पुरी और अभिषेक जोशी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मुकेश सोनी ने कार्यकर्ताओं से प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम को अधिक से अधिक सुनने और सरल ऐप पर फोटो अपलोड करने का आह्वान किया। समारोह में दीप प्रज्वलन के साथ एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दी गईं।

'भीलवाड़ा फोकस'
अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।
Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com
BHILWARA FOCUS
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।